# रविवार रात रही सीजन की सबसे ठंडी रात, पारा 8 .2 डिग्री पर पहुंचा

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 8 दिसंबर. उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं के कारण जिले में ठिठुरन बढ़ गई है। पिछले वर्षों की तुलना में भी इस बार तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है।**

**बच्चों और बुजुर्गों को ठंड से बचाने की सलाह**

**ठंड बढ़ने से बढ़ी गर्म कपड़ों की बिक्री**

आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2022 में नवंबर के अंत में न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री और 2017 में 8 डिग्री तक पहुंचा था। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं के कारण आने वाले दिनों में ठंड का असर और बढ़ेगा। 10 दिसंबर के बाद न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने की संभावना है। वैसे दिन में धूप निकलने से लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिल रही है, लेकिन शाम ढलते ही सर्दी फिर से असर दिखाने लगती है। इस बार नवंबर के पहले ही सप्ताह में उत्तर भारत में बर्फबारी शुरू हो गई थी, वहीं आखिरी सप्ताह में ठंड से थोड़ी राहत मिली, लेकिन ठंड फिर बढ़ने लगी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और भी गिरावट आएगी। रात के अलावा दिन का तापमान भी गिरेगा। सोमवार को दिन का तापमान 25 डिग्री पर रहा।



**रविवार रात दर्ज किया 8.2 डिग्री तापमान :** उत्तर भारत में चली ठंडी हवाओं का असर जिले में दिख रहा है। दिसंबर के पहले पांच दिनों में रात का तापमान 11 डिग्री के आसपास चल रहा था, लेकिन शुक्रवार रात से अचानक तापमान में गिरावट आने लगी। दिसंबर माह में पहली बार तापमान 8.2 डिग्री पर आ गया। दिसंबर माह की शुरुआत में ठंड का असर कम हो गया था, लेकिन अब फिर कड़ाके की ठंड पडने लगी है। हालात यह है कि रात में बिना गर्म कपडों के बाहर जाना मुश्किल हो गया है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार इस बार ठंड का असर फरवरी माह तक रह सकता है।

**बुजूर्गो, बच्चों को ठंड से बचाने की सलाह :** ठंड बढ़ने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। डॉक्टरों ने हृदय रोगियों, बुजुर्गों, नवजातों और छोटे बच्चों को ठंड से बचने की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि इस मौसम में रक्तचाप, शुगर और हृदय रोगियों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। डॉक्टरों का कहना है कि ठंड में छोटे बच्चे और बुजूर्गो का विशेष ध्यान रखना चाहिए। ठंड बढ़नेसे बच्चे निमोनिया, सर्दी-जुकाम, खांसी सहित अन्य प्रकार की बीमारियों की चपेट में आ सकते है। ऐसे में बच्चों को गर्म कपड़े पहनाकर रखे और ठंड से बचाने के उपाये करे। बुजूर्गो को भी ठंड में ज्यादा देर न रहने दे। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार इस बार ठंड का असर फरवरी माह तक रह सकता है। वहीं दिसंबर के अंतिम सप्ताह में या जनवरी में तापमान 5 डिग्री से भी नीचे जा सकता है। कृषि अधिकारियों का कहना है कि खेतों में पलेवा के बाद जहां मिट्टी में पर्याप्त नमी है, वहां गेहूं, चना, सरसों-मटर की बोवनी करें। जहां बोवनी हो चुकी है, वहां जरूरत पड़ने पर सिंचाई करे। इधर ठंड के तेवर बढ़ने के साथ ही गर्म कपड़ों की बिक्री भी बढ़ गई है। ऊनी स्वेटर, जैकेट, शॉल, टोपी और दस्ताने की बिक्री में तेजी आई है। व्यापारियों के मुताबिक, इस साल नए डिजाइन और फैशनेबल गर्म कपड़ों की मांग अधिक है।

## गर्म कपड़ों की बढ़ी बिक्री

सर्दी बढ़ने के साथ ही बाजारों में गर्म कपड़ों की दुकानों पर भीड़ बढने लगी है। लोग अब ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों के अलावा अलाव का सहारा लेने लगे हैं। बैतूल के मुख्य बाजार, गंज क्षेत्र और कोठी बाजार में गर्म कपड़ों की दुकानों पर रौनक बढ़ गई है। ऊनी स्वेटर, जैकेट, शॉल, टोपी और दस्ताने की बिक्री में तेजी आई है। व्यापारियों के मुताबिक, इस साल नए डिजाइन और फैशनेबल गर्म कपड़ों की मांग अधिक है। महिलाएं शॉल और स्टॉल पसंद कर रही हैं, जबकि युवाओं में ट्रेंडी जैकेट और हुडी का क्रेज है। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाले ऊनी कपड़ों की भी अच्छी वैरायटी उपलब्ध है।

## फसलों की सिंचाई से भी बढ़ी ठंड

जिले में रबी सीजन की बोवनी के बाद सिंचाई भी शुरू हो गई है। जिले के बड़े और छोटे बांधों से सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जा चुका है। इसके कारण ग्रामीण इलाकों में सर्दी का असर बढ़ गया है। रात में बिना गर्म कपड़ों के बाहर जाना मुश्किल हो गया है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार इस बार ठंड का असर फरवरी माह तक रह सकता है। वहीं दिसंबर के अंतिम सप्ताह में या जनवरी में तापमान 5 डिग्री से भी नीचे जा सकता है। कृषि अधिकारियों का कहना है कि खेतों में पलेवा के बाद जहां मिट्टी में पर्याप्त नमी है, वहां गेहूं, चना, सरसों-मटर की बोवनी करें। जहां बोवनी हो चुकी है, वहां जरूरत पड़ने पर सिंचाई करे। अगर फसल में कीट का असर हो तो कीटनाशक का छिड़काव करें।

## एक नजर में

### झोलाछाप चिकित्सक सड़क पर खुलेआम कर रहा इलाज

**सारनी।** ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। झोलाछाप डॉक्टरों की क्लिनिक पर इलाज करने के लिए मरीजों की भीड़ लगी रहती है, वहीं दूसरी तरफ सरकारी हॉस्पिटल पाठाखेड़ा ( सारनी) में शाम पांच बजे ताला लग जाता है। इसी वजह से शहर तथा आसपास के ग्रामीण इलाकों के मरीजों को झोलाछाप डॉक्टरो से इलाज करना पडता है। आरोप है कि इन झोलाछाप डॉक्टरो को राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है। बताया जाता है कि मुख्य शापिंग सेंटर में दंत चिकित्सक रोड पर कई साल से दांतो का इलाज कर रहा है। दाँत एवं दाड़ निकालने के लिए इंजेक्शन लगा देता है। दंत चिकित्सक बिना पंजीकरण एलोपैथिक दवाओं, इंजेक्शन का प्रयोग कर रहा है। इतना ही नहीं ब्लाक मेडिकल ऑफिसर की जानकारी में कई साल से खुलेआम इलाज कर रहा है। मजे की बात यह है कि आज तक दंत चिकित्सक पर कोई कारवाही नहीं हुई है, वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग झोलाछाप डॉक्टरो को बचाने के लिए कुछ एमआर से साठगांठ करके पैसा मांगते है।

### रघुवंशी प्रीमियर लीग सीजन 4 के लिए हुई नीलामी

**मुलताई।** युवा संगठन रघुवंशी समाज जिला बैतूल के तत्वाधान खेल समिति,व्यापार समिति, सांस्कृतिक समिति के सहयोग से होने वाले रघुवंशी प्रीमियर लीग सीजन 4 का ऑक्शन नगर की होटल में किया गया, जिसमें रघुवंशी समाज के युवा क्रिकेट खिलाड़ी को 7 टीमों के स्पॉन्सर ने अपने टीम में लिया। जिसमे रघुवंशी योद्धा,रघुवंशी पैंथर,रघुवंशी विनर्स, रघुवंशी सनराइजर्स,रघुवंशी नाइट राइडर्स, रघुवंशी सुपर किंग, रघुवंशी टाइगर्स, टीमों ने अपने 13 खिलाड़ियों को बोली लगाकर लिया। यह सातों टीमों का मुकाबला 27 दिसंबर को से 4 जनवरी को समापन वाले रघुवंशी प्रीमियर लीग सीजन 4 में होगा। जिसका आयोजन ग्राम चिखली कला में होगा। रघुवंशी समाज के युवा संगठन के नेतृत्व में युवाओं को एकता का संदेश देने के लिए प्रतिवर्ष अनुसार यह आयोजन होता है। समाज के सभी वरिष्ठ जन युवा साथी अपना संपूर्ण समर्पण भाव प्रदान करते हैं।

# समर्थन मूल्य पर उपज खरीदी करने को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**मुलताई।** समर्थन मूल्य पर किसानो से मक्का एवं सोयाबीन की खरीदी किए जाने,चंदोरा बांध से कमांड क्षेत्र के किसानो को पानी दिए जाने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने किसानो के साथ कृषि मंडी से रैली निकालकर जमकर नारेबाजी की एवं तहसील कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम राजीव कहार को सौपा।कांग्रेस नेता हर्षवर्धन धोटे, गुड्डू मानकर, तकीबउल हसन, जनपद सदस्य अजय बारस्कर, अफसर खान सहित सैकड़ो किसानो द्वारा सौपे ज्ञापन में चंदोरा बांध के कमांड क्षेत्र के ग्राम छिंदखेड़ा बिहरगांव,




धाबला डोहलन, बाडेगांव के किसानो को फसलो की सिंचाई के लिए पानी देने की मांग की एवं जलसंसाधन विभाग के एसडीओ को मौके पर बुलाने के लिए अडे, जिस पर एसडीएम द्वारा एसडीओ एसके नागले को बुलाया. एसडीओ नागले ने बताया नहर पर अवैध रूप से लगी मोटर पम्प हटाने के बाद 4 दिनों में कमांड क्षेत्र में पानी पहुंचा दिया जाएगा।वहीं ज्ञापन में मक्के का 2400 रुपए एवं सोयाबीन का 6हजार रुपए समर्थन मूल्य घोषित कर मुलताई मंडी में खरीदी की जाने, किसानों को दिन में 14 घंटे लगातार बिजली दी जाए व अधिक भार वाले ट्रांसफार्मरों के साथ अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए जाने,किसानों को खाद एवं यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चत कराई जाने के साथ कालाबाजारी पर रोक लगाई लगाने, भावांतर योजना अंतर्गत चल रही अनियमितताएं एवं नहरों की मरम्मत एवं प्रत्येक खेत में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मुलताई में लगने वाले साप्ताहिक बाजार एवं ताप्ती मेले में शौच की उचित व्यवस्था एवं महिलाओं की समूचित सुरक्षा की जाने, पवित्र नगरी मुलताई में अवैध दारू, जुआ-सटटा और बढ़ते अपराध पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है।

# पैरोल पर बाहर आए आरोपी ने किया बच्ची का अपहरण

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम में निवास करने वाली एक 6 वर्षीय मासूम बालिका के अपहरण का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि घटना रविवार की शाम 6.30 बजे की है। पीड़ित बालिका के परिजनों ने थाने में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि इस मामले में महाराष्ट्र के खड़का निवासी अनिल कुशराम पर अपहरण का संदेह है। जिसके बाद रविवार की रात्रि से मुलताई थाने की दस टीम आरोपी की संभावित ठिकानो पर तलाश कर रही। इस दौरान नर्मदापुरम कमिश्नर एवं पुलिस अधीक्षक घटना स्थल का दौरा कर टीआई की आवश्यक निर्देश दे चुके है। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया गुमशुदा बालिका की परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के एक ग्राम में निवास करने वाली 6वर्षीय बालिका अपने घर के सामने खेल रही थी। इस दौरान बाइक चालक आया और बालिका को प्रलोभन देकर बाइक पर बैठाकर कहीं ले गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अपहरण की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। बालिका के परिजनों ने बताया उन्होने ग्राम खड़का थाना बेनोड़ा महाराष्ट्र निवासी अनिल कुशराम को बालिका को बाइक से ले जाते दिखा है। टीआई परिहार ने आरोपी अनिल कुशराम पर हत्या बलात्कार जैसे गंभीर अपराध बेनोडा थाने में दर्ज है, जो कि अमरावती महाराष्ट्र जेल में बंद था और करीब 3 माह पहले ही पैरोल पर बाहर आया था। अपराधिक प्रवृति का होने के कारण ग्रामीण उसे ग्राम में नहीं रहने देते थे। जिससे वह मुलताई थाना क्षेत्र के सीमा से लगे गांव में आते जाते रहता था। प्रकरण कि गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा 10 टीम बनाकर महाराष्ट्र सहित संभावित ठिकानो पर तलाश आरोपी एवं पीडित बालिका की तलाश की जा रही है।

# मां ताप नाशिनी मैया भजन का विधायक ने किया विमोचन

**मुलताई।** पवित्र नगरी में मां ताप्ती की महिमा प्रचार समिति द्वारा माता तापी के सुंदर भजन ताप नाशिनी मैया एवं कैसी लहर लहर लहराई तापी मैया भजन जिसको संगीत दिया है ख्यातिमान पुष्कर देशमुख एवं पंडित सौरभ जोशी परंपरागत पुजारी ताप्ती मंदिर द्वारा स्वर एवं रचना की गई, जिसका विमोचन मां ताप्ती मेला में रविवार को आयोजित खाटू श्याम भजन संध्या में विधायक चंद्रशेखर देशमुख नपा अध्यक्ष वर्षा गढेकर द्वारा विमोचन किया गया। इस भजन के माध्यम से मां ताप्ती की संपूर्ण महिमा की शब्द मय रचना सौरभ जोशी द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि यह रचना पूर्णतया मां तापी की महिमा जन-जन तक पहुंचे,लोग माताजी के महत्व को जाने और माता तापी का गुणगान करें। वहीं एक रोचक जानकारी भी सभी श्याम प्रेमियों को उपलब्ध कराई गई कि मां तापी कुरु वंश की जननी है और कुरुवंश में आगे चलकर पांचवी पीढ़ी में पांडू पुत्र भीम से घटोत्कच उनसे बर्बरीक हुए जो खाटू श्याम कहलाए। इस प्रकार से खाटू श्याम माता ताप्ती के पडपोते होते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 19 से 25 तक चलेगा प्रशासन गांव की ओर अभियान

**बैतूल।** भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में 19 से 25 दिसम्बर 2025 की अवधि के दौरान सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जाएगा। अभियान में विभागों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन से सुशासन को बढ़ावा देने, जनता की शिकायतों के समाधान और बेहतर सेवा वितरण के लिये तहसील मुख्यालय, पंचायत समितियों आदि पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को अभियान की समीक्षा कर सफल क्रियान्वयन कराए जाने के निर्देश सभी विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम जनपद सीईओ और अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी अभियान की कार्ययोजना के संबंध अवगत कराए तथा आवश्यक समन्वय कर अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएं। अभियान के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अभियान के दौरान राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को देने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। इसके अलावा उन्होंने 23 दिसम्बर 2025 को जिले में कार्यक्रम के संबंध में कार्यशाला का आयोजन करने तथा जिला, तहसील स्तर पर सुशासन प्रथाओं का संकलन कर प्रशासन गांव की ओर पोर्टल पर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए है। प्रशासन गांव की ओर 2025 अभियान के मुख्य 02 चरण होंगे। जिसमें प्रारंभिक चरण के तहत 11 से 18 दिसंबर 2025 तक अभियान पोर्टल पर सभी जिलों का मानचित्रण, सुशासन प्रथाओं के लिए लक्ष्यों की पहचान, लोक शिकायत निवारण और सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार होगा। वहीं कार्यान्वयन चरण के तहत 19 से 25 दिसंबर 2025 के दौरान निम्नलिखित पर अभियान चलाकर दैनिक आधार पर पोर्टल पर प्रगति प्रस्तुत की जाएगी।

# मतदाता सूची शुद्धिकरण तेज

**पाथाखेड़ा।** मजबूत लोकतंत्र के लिए त्रुटिरहित मतदाता सूची आवश्यक है। इसी उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 4 में पार्षद किरण झारबड़े एवं बीएलओ अर्चना बिंजाड़े द्वारा मतदाता सूची शुद्धिकरण हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बीएलओ ने वार्ड के प्रमुख स्थानों पर मिसिंग एसआईआर रिपोर्ट चस्पा की, जिससे नागरिक यह जान सकें कि किन नामों का सत्यापन अधूरा है या एसआईआर में दर्ज नहीं हो पाया है। अभियान का मुख्य फोकस उन प्रवासी मजदूरों पर रहा जो काम की तलाश में बाहर जाने के कारण प्रायः मतदाता सूची एवं सर्वे रिकॉर्ड से



छूट जाते हैं। बीएलओ ने नागरिकों को आवश्यक प्रपत्र, दस्तावेज तथा दावा-आपत्ति की प्रक्रिया की जानकारी दी और बताया कि 11 दिसंबर 2025 तक नाम जोड़ने हेतु आवेदन किया जा सकता है। बीएलओ अर्चना बिंजाड़े ने कहा कि एसआईआर का सही होना भविष्य में मतदान अधिकार और सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# उपयोग प्रक्रिया का प्रचार सुनिश्चित किया जाए

**बैतूल।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में एमपी ई-सेवा पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि सरकारी सेवाओं को एक ही डिजिटल विंडो पर लाना, पेपरलेस और फेसलेस बनाना इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आमजनों की सहूलियत के लिए ई-गवर्नेंस को और मजबूत करते हुए एमपी ई-सेवा पोर्टल को नई सुविधाओं के साथ अपडेट किया है। अब जाति, निवास, आय समेत जरूरी प्रमाणपत्रों के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने की झंझट खत्म हो गई है। इस ऐप में घर बैठे ऑनलाइन आवेदन से लेकर स्टेटस ट्रैकिंग तक की सुविधा मिल रही है। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि जिले में एमपी ई-सेवा पोर्टल की सेवाओं और उपयोग प्रक्रिया का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। एमपी ई सेवा बैनर को कियोस्क लोक सेवा केन्द्र, सीएससी, नगरीय निकाय, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, कलेक्ट्रेट एवं अन्य प्रमुख कार्यालयों में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाए। इसके अलावा प्रचार पर्चे का प्रिंट कर लोक सेवा केंद्र, नगरीय एवं ग्रामीण निकायों तथा सार्वजनिक कार्यक्रमों के शिविरों में वितरण किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर की बैठकों में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को एमपी सेवा प्लेटफ़ॉर्म की उपयोगिता से अवगत कराया जाए। वहीं ई-दक्ष केन्द्रों पर प्रशिक्षण भी आयोजित कर हितधारकों में प्लेटफॉर्म के उपयोग की समझ विकसित की जाए। जिले में एमपी ई-सेवा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर, लोक सेवा केंद्र मैनेजर, ट्रेनर ई-दक्ष केंद्र, के प्रतिनिधियों की गठित समिति द्वारा प्रगति प्रतिवेदन तैयार कर इस कार्यालय को प्रेषित की जाए।

# भारतीय मजूदर संघ के महामंत्री को मांगों का सौंपा ज्ञापन

**सारनी।** श्रम संहिता मार्गदर्शन के लिए बैतूल प्रवास पर आए भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर को नगरपालिका मजदूर संघ ने कर्मचारियों की समस्याओं का ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में श्री गुर्जर ने श्रमिकों के हित में बने नए श्रम कानूनों, श्रम संहिता के बारे श्रमिकों को विस्तृत जानकारी देकर मार्गदर्शित किया गया। नगर पालिका मजदूर संघ के अध्यक्ष केके भावसार ने बताया कि यह कार्यक्रम भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मधुकर साबले महेन्द्र सिंग ठाकुर प्रदेश




कार्यकारिणी सदस्य, राजेश मंसुरिया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, विभाग प्रमुख विनय डोंगरे एवं भारतीय मजदूर संघ जिला बैतूल के मंत्री पंजाबराव गायकवाड एवं जिला अध्यक्ष सचिन दरवाई एवं हरिओम कुशवाह आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ। नगरपालिका मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष केके भावसार ने महामंत्री कुलदीप गुर्जर के समक्ष कर्मचारियों की मांगें रखीं। जिसमें जिला द्वारा प्रदेश की नगरीय निकायों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के नियमितिकरण, विनियमितकरण, उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति, केंद्र के समान स्वास्थ्य सुविधाएं निकायों को चुंगी की राशि का समय पर पूर्ण भुगतान एवं राशि में किसी भी प्रकार की कटौती न किये जाने जैसी मांगें रखी। वर्ष 2000 के बाद के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को बंद करने के आदेश पर महामंत्री श्री गुर्जर ने कहा कि उस आदेश पर किसी भी कर्मचारियों को बंद नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कर्मचारियों का हित सर्वोपरी है। नगरपालिका मजदूर संघ के प्रमोद बैसवाल आमला, सेवतकर मुलताई एवं अन्य प्रतिनिधियों द्वारा प्रदेश महामंत्री को ज्ञापन दिया।

**प्रदर्शन** कांग्रेस पार्टी ने नपा कार्यालय का किया घेराव, जुन्नारदेव विधायक एवं समीर खान ने किया नेतृत्व

# जनप्रतिनिधियों को जनता की आवाज एवं दर्द को सुनना जरूरी : विधायक उइके

**नवभारत न्यूज**

**सारनी, 8 दिसंबर. जनता की आवाज को जनप्रतिनिधि होने के नाते सुनना जरूरी है। चुनें हुए जनप्रतिनिधियों को जनता का दर्द समझना चाहिए, उपरोक्त उदगार विधायक सुनील उइके ने सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए है।**

**प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद रहे कांग्रेसी**

**एक सप्ताह का अल्टीमेटम देकर किया आंदोलन समाप्त**

श्री उइके ने कहा कि चार हजार माफ होना जरूरी है। सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने शापिंग सेंटर से रैली



निकालकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए नगरपालिका कार्यालय का घेराव किया। इस मोके पर जुन्नारदेव विधायक एवं जिला कांग्रेस प्रभारी सुनील उईके एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव समीर खान, मनोज मालवे, विक्की सिंह, प्रदीप नागले, मोहम्मद इलियास, बटेश्वर भारती, पंचू खान, मोहम्मद ताहिर, संगीता डेहरिया, महेंद्र भारती, तिरुपति एरलू, संगीता डेहरिया, वर्षा पवार, युवा कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सन्नी एरलू सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे। नगरपालिका कार्यालय के सामने सभा को संबोधित करते हुए मनोज मालवे ने कहा कि आमला नपा में जल योजना की कोई राशि वसुली नहीं की है। पार्षद अनिता बेलवंशी ने कहा कि नपा को जलावर्धन की राशि माफी तक आंदोलन चलता रहेगा। पार्षद महेंद्र भारती ने कहा कि जलआवर्धन की राशि 4000 को माफ करने तक आंदोलन जारी रखा जायेगा। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष विक्की सिंह ने कहा कि कांग्रेस अपने मुद्दों से पीछे नहीं हटेगी और लगातार आंदोलन को रोजाना तेज करेगी। कांग्रेसियों ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर इस मामले को लेकर निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जायेगा। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नेहरू सिंह राजपूत, एसके उपरीत, पार्षद चंद्रा सोनेकर, वसीम खान, शांतिपाल सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार संतोष पथोंरिया को सौंपा गया। कार्यकम का संचालन मोहम्मद इलियास ने किया।

## विधायक ने किया आंदोलन स्थगित

जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके ने नगरपालिका के सामने चल रहे आंदोलन को स्थगित की घोषणा की है। नपा के घेराव के बाद एक सप्ताह के अंदर चार हजार की राशि माफ करने पर ठोस निर्णय लेने की नपा अध्यक्ष एवं जिला प्रशासन से मांग की है। विधायक सुनील उइके ने कहा कि अभी आंदोलन केवल स्थगित हुआ है खत्म नहीं हुआ है।

# एकल योजनाओं को भी पूर्ण करने में गति लाएं

**बैतूल।** जिले में पूर्ण हुई नल जल योजनाओं को शीघ्र हैंडओवर कराया जाएं। शेष घरेलू नल कनेक्शन के कार्य भी पूर्ण करने में गति लाएं। इसी प्रकार एकल ग्राम नल जल योजनाओं को भी पूरा करने में तेजी लाएं। यह निर्देश कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में सभी जनपद सीईओ और कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए। उन्होंने सख्त निर्देशित किया कि नल जल योजनाओं के हैंडओवर में शिथिलता बरतने वाले जनपद सीईओ के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम भी अपने क्षेत्र में इस कार्य की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने जल जीवन मिशन के हैंडओवर और एकल ग्राम



योजनाओं के लक्ष्य को 31 दिसंबर तक पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को वन ग्रामों में वन अधिकार पत्र और पट्टा वितरण की कार्यवाही भी शासन निर्देशों के अनुरूप शीघ्र कराएं जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए पंजीयन का कार्य पूरी गंभीरता से किया जाएं। एसडीएम अपने क्षेत्र में पंजीयन सत्यापन की सतत मॉनिटरिंग करें। पंजीयन सत्यापन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम अपने क्षेत्र में पंजीयन सत्यापन के लिए जिम्मेदार होंगे। सत्यापन उपरान्त सिकमी पंजीयन सत्यापन के व्यवस्थित परीक्षण का एसडीएम और नायब तहसीलदार से संयुक्त प्रमाण पत्र भी लिया जाएं।